## खबर संक्षेप

### नशीली कफ सिरप की तस्करी करता दबोचा गया नाबालिग

*मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा*

*नशे के सौदागरों के नेटवर्क को खंगालने में जुटी टीम*

**शहडोल।** मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों के काले कारोबार के खिलाफ शहडोल पुलिस ने एक बार फिर कड़ा प्रहार किया है। धनपुरी पुलिस ने मुखबिर की पुख्ता सूचना पर नरगड़ा नाला मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर नशीली कफ सिरप बेचते हुए एक विधि विरुद्ध बालक (नाबालिग) को अपनी अभिरक्षा में लिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के नशा माफियाओं में हडक़ंप मच गया है।

**कफ सिरप की खेप और कीमती सामान बरामद**

थाना प्रभारी निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो के नेतृत्व में की गई इस त्वरित कार्रवाई के दौरान नाबालिग के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की 15 बोतलें 08 बोतल ओनेरेक्स एवं 07 बोतल केंडीकोफ जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग 2,739 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बिना नंबर की होंडा लिवो मोटरसाइकिल और एक कीमती आईफोन-15 मोबाइल भी जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये है।

**कड़ी धाराओं में मामला दर्ज**

पुलिस ने इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है और नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस बड़ी सफलता में एसडीओपी विकास पाण्डेय के मार्गदर्शन सहित सउनि भूपेन्द्र सिंह, भारत सिंह और अन्य आरक्षकों की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि इस नाबालिग के पीछे असली नशा माफिया कौन है।

### जिला बदर का शातिर अपराधी तन्नी गिरफ्तार!

**पकरिया तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस को देख लगा था भागने, घेराबंदी कर दबोचा**

**शहडोल।** प्रशासन के कड़े आदेशों को ठेंगे पर रखकर प्रतिबंधित सीमा के भीतर बेखौफ घूम रहे अपराधियों पर बुढ़ार पुलिस ने सख्त चाबुक चलाया है। पुलिस ने पकरिया तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर जिला बदर आरोपी को घेराबंदी कर रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी तन्नी उर्फ राजू प्रजापति 56 वर्ष निवासी पंचवटी मोहल्ला बुढ़ार है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**पुलिस को देख लगा था भागने**

10 जून 2026 को चेकिंग के दौरान जब पुलिस ने तन्नी को रोका, तो उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। जांच में खुलासा हुआ कि कलेक्टर शहडोल के आदेशानुसार इस आदतन अपराधी को शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सीधी और मैहर जिलों की राजस्व सीमाओं से 6 महीने के लिए निष्कासित (जिला बदर) किया गया था।

**बीएनएस के तहत मामला दर्ज**

आदेश की तामीली के बावजूद वह बिना किसी सक्षम अनुमति के प्रतिबंधित क्षेत्र में मोटरसाइकिल से घूम रहा था। बुढ़ार थाना प्रभारी निरीक्षक विनय सिंह गहरवार के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस और म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। आरोपी के पास से एक मोटरसाइकिल और मोबाइल भी जब्त किया गया है।

---

भ्रष्ट अधिकारी अभ्यंकर शर्मा के कारनामे से बैंकिंग महकमे में हडक़ंप

# शहडोल में सीबीआई की सर्जिकल स्ट्राइक

## गुरुद्वारे के पास घूस लेते सेंट्रल बैंक का असिस्टेंट मैनेजर रंगे हाथों गिरफ्तार! 4 बैंकिंग कियोस्क के बदले मांगी थी घूस

**गुरुद्वारे के पास जैसे ही पकड़ी रकम, सीबीआई ने डाल दिया हाथ**

**जबलपुर सीबीआई एसपी की अगुवाई में 8 सदस्यीय टीम का खुफिया जाल**

शहडोल।

सरकारी कुर्सियों पर बैठकर जनता को चूसने और ईमानदारी का चोला ओढ़कर रिश्वतखोरी का धंधा चलाने वाले सफेदपोशों पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने शहडोल की धरती पर एक और करारी चोट की है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ सहायक प्रबंधक (असिस्टेंट मैनेजर) अभ्यंकर शर्मा को सीबीआई की जबलपुर इकाई ने 10 हजार रुपये की कडक़ड़ाती घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। गुरुद्वारे के पवित्र माहौल के पास अपनी काली कमाई की डील कर रहे इस भ्रष्ट अधिकारी को भनक तक नहीं थी कि उसका पूरा साम्राज्य ताश के पत्तों की तरह ढहने वाला है। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई के बाद पूरे जिले के प्रशासनिक और बैंकिंग गलियारों में हडक़ंप मच गया है।







**कियोस्क मंजूरी के नाम पर अटका रखा था काम**

जानकारी के मुताबिक, शहडोल के जागरूक नागरिक दीपेंद्र सिंह ने क्षेत्र में स्वरोजगार और जनता की सुविधा के लिए चार बैंकिंग कियोस्क (ग्राहक सेवा केंद्र) खोलने का मन बनाया था। उन्होंने नियमानुसार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में आवेदन भी किया। लेकिन उन्हें क्या पता था कि बैंक की ऊंची कुर्सी पर कोई जनसेवक नहीं, बल्कि एक लालची अधिकारी बैठा है। फाइल आगे बढ़ाने, प्रस्ताव को हरी झंडी देने और आवश्यक अनुमति जारी करने के बदले में सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा ने दीपेंद्र से 10 हजार रुपये की सीधी घूस मांग ली। आवेदक दीपेंद्र सिंह ने कई बार ईमानदारी से काम करवाने की कोशिश की, लेकिन जब रिश्वतखोर मैनेजर अपनी जिद पर अड़ा रहा और बार-बार चक्कर कटवाने लगा, तो दीपेंद्र ने घुटने टेकने के बजाय इस भ्रष्टाचार को बेनकाब करने की ठान ली।

**गुरुद्वारे के पास बिछाया जाल, दबोचा**

परेशान होकर दीपेंद्र सिंह ने सीधे सीबीआई जबलपुर इकाई के पुलिस अधीक्षक एस.के. राठी से संपर्क साधा और पूरे मामले की लिखित शिकायत ठोक दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई प्रमुख ने तुरंत तस्दीक कराई और घूसखोर मैनेजर को दबोचने के लिए एक अचूक चक्रव्यूह तैयार किया। 11 जून को सीबीआई की 8 सदस्यीय विशेष टीम शहडोल पहुंची और सादे कपड़ों में पूरे इलाके को घेर लिया। तय रणनीति के तहत जैसे ही सहायक प्रबंधक अभ्यंकर शर्मा बैंक के बाहर गुरुद्वारे के पास दीपेंद्र सिंह से 10 हजार रुपये की रिश्वत की रकम हाथ में थामी, वैसे ही घात लगाए बैठी सीबीआई की टीम ने चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए उसे रंगे हाथों दबोच लिया। जब आरोपी के हाथ धुलवाए गए तो वे केमिकल के कारण लाल हो गए, जिससे भ्रष्टाचार का ऑन-स्पॉट वैज्ञानिक सबूत भी मिल गया।

**अब खुलेगी और भी काली पोल!**

सीबीआई की टीम आरोपी मैनेजर अभ्यंकर शर्मा को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है। सूत्र बताते हैं कि इस जाल में कुछ और बड़े मगरमच्छों के नाम भी सामने आ सकते हैं, क्योंकि बिना किसी ऊपरी शह के बैंक स्तर पर ऐसे प्रस्तावों को लटकाना मुमकिन नहीं है। इस धमाकेदार कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि भ्रष्टाचार करने वाले चाहे कितनी भी चालाकी कर लें, कानून के लंबे हाथ उनकी गर्दन तक पहुंच ही जाते हैं। फिलहाल सीबीआई मामले की बारीकी से तफ्तीश कर रही है और इस बड़ी सफलता से जिले के आम नागरिकों में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा है।

---

विचारपुर गांव में फुटबॉल का पागलपन: चार पीढ़ियों की तपस्या, जर्मनी तक गूंजा नाम

# फटे जूतों से फीफा वर्ल्ड कप तक का सफर, कब जागेगा सोया हुआ प्रशासन?

**शहडोल।** क्रिकेट की चकाचौंध में डूबे हिंदुस्तान के भीतर फुटबॉल की एक ऐसी आग सुलग रही है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आदिवासी अंचल शहडोल का एक छोटा सा गांव विचारपुर आज देश के नक्शे पर मिनी ब्राजील बनकर चमक रहा है। यहां सुबह की पहली किरण किसी अलार्म से नहीं, बल्कि फुटबॉल के मैदान में लगती किक की आवाज से होती है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, यहाँ हर नस में फुटबॉल का खून दौड़ता है। चार पीढियों की इस अटूट दीवानगी ने इस माटी से ऐसे जांबाज पैदा किए हैं, जो आज नेशनल स्तर पर डंका बजा रहे हैं और यहाँ के चार होनहार खिलाड़ी तो फुटबॉल की महाशक्ति जर्मनी तक ट्रेनिंग के लिए जा चुके हैं।





**पीएम की मन की बात में तारीफ**

खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस गांव की जमीनी हकीकत और फुटबॉल के प्रति जुनून को देखने विचारपुर आ चुके हैं। उन्होंने अपने बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में इस गांव के जज्बे को पूरे देश के सामने मिसाल के तौर पर पेश किया था। लेकिन अफ़सोस, दिल्ली से लेकर भोपाल तक जितनी तारीफें इस गांव को मिलीं, स्थानीय प्रशासन की फाइलों में वह उतनी ही ठंडी पड़ गई। सवाल यह है कि जिस गांव की तारीफ खुद देश के प्रधानमंत्री कर चुके हों, वहां के खिलाडय़ों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना क्यों पड़ रहा है?

**फटे जूतों से आसमान छूने की जिद**

विचारपुर के युवा मेसी, रोनाल्डो और नेमार को सिर्फ टीवी पर नहीं देखते, बल्कि उनके जैसी महारत हासिल करने के लिए फटे जूतों और उखड़े हुए मैदानों में दिन-रात पसीना बहाते हैं। आर्थिक तंगी और बदहाली यहाँ के युवाओं के पैरों की बे?यिां नहीं बन पाईं। खिलाडिय़ों का साफ कहना है कि उनके पास हुनर का समंदर है, लेकिन सिस्टम की तरफ से उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलते हैं। अगर इन युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मैदान (टर्फ), आधुनिक किट्स और पेशेवर कोच मिल जाएं, तो भारत को फीफा वर्ल्ड कप में खेलने का सपना इसी शहडोल की माटी से सच होगा। अब देखना यह है कि प्रशासन कब अपनी कुंभकर्णी नींद से जागता है और इन उभरते सितारों को उनका हक देता है।

---

# पशु चिकित्सालय बना भगवान भरोसे

## इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति, युवाओं का फूटा गुस्सा!

**शहडोल।** शहडोल के क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय की हालत इन दिनों अस्पताल कम, कबाड़ख़ाना ज्यादा वाली हो गई है। यहां न तो बीमार मवेशियों का समय पर इलाज हो पा रहा है और न ही प्रशासन की नींद खुल रही है। बेजुबानों के प्रति संवेदनहीनता और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा से तंग आकर अब युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। जयसिंहनगर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेख शाजिल (सनी) और सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांशु चौबे (सोनू) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चिकित्सालय पहुंचकर जिम्मेदारों की नाक के नीचे ज्ञापन का बम फोड़ा है। युवा कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में चिकित्सालय की पोल खोलते हुए सीधे आरोप लगाया कि यहां डॉक्टरों और कर्मचारियों का आना-जाना किसी सरकारी पिकनिक जैसा है। जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं मिलेंगे, तो मवेशियों का इलाज कौन करेगा? हद तो तब हो गई जब अस्पताल में मौजूद सोनोग्राफी और एक्स-रे जैसी महंगी मशीनें सालों से शो-पीस बनकर धूल फांक रही हैं। पशुपालक अपने लाचार जानवरों को लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, लेकिन दवाइयों के नाम पर उन्हें कोरे हाथ वापस भेज दिया जाता है। अस्पताल की दुर्दशा पर तंज कसते हुए युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यह बेजुबानों के हक पर डाका है। अगर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस का अगला कदम कागजी ज्ञापन नहीं, बल्कि सडक़ पर उग्र आंदोलन होगा। इस अवसर पर मुशरन खान, इमरान खान, शिवराज वर्मा, सत्यम कुशवाहा, नियाज खान, जाहिद खान, हनी अरोड़ा और शुभी तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में मांग की है कि चिकित्सालय में तत्काल प्रभाव से डॉक्टरों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए, कबाड़ हो चुकी मशीनों को दुरुस्त किया जाए और दवाइयों का स्टॉक उपलब्ध कराया जाए। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन तब तक कुंभकर्णी नींद में सोया रहेगा जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए?




---

# जबलपुर खपाने ले जाया जा रहा पौने दो टन अवैध लोहा जब्त

## इटारसी का चालक गिरफ्तार, दो आरोपी फरार

**शहडोल।** जिले में सक्रिय कबाड़ माफियाओं के काले कारोबार पर सोहागपुर पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए अवैध लोहे के एक बड़े खेप को जब्त किया है। 10 जून 2026 को मुखबिर की पुख्ता सूचना पर पुलिस ने पाली मार्ग स्थित आकाशवाणी और मुडन्ना नाला के बीच घेराबंदी की। इस दौरान सोहागपुर निवासी कुख्यात कबाड़ व्यापारी रहीम के ठिकाने से निकले एक मेटाडोर वाहन क्रमांक एमपी 04 एचई 6803 को दबोचा गया, जो अवैध कबाड़ लादकर जबलपुर भागने की फिराक में था।

**गत्तों के नीचे छिपा था चोरी का माल**

जब पुलिस ने वाहन की सघन तलाशी ली, तो ऊपर से रखे गत्तों के नीचे कबाड़ माफिया की चालाकी दफन थी। पुलिस ने अंदर से भारी मात्रा में ट्रैक्टर के कलपुर्जे, पुराना कल्टीवेटर, बिजली के सरकारी तार और भारी लोहे के एक्सल बरामद किए। इस जब्त कबाड़ का कुल वजन लगभग 1,746 किलोग्राम (करीब पौने दो टन) है, जिसकी बाजारू कीमत 1,21,720 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने अवैध कबाड़, मेटाडोर और मोबाइल सहित कुल 9,31,720 रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**चालक गिरफ्तार, सरगना की तलाश**

मौके से पुलिस ने वाहन चालक रूप सिंह पाल (निवासी इटारसी) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। इस पूरे सिंडिकेट का मुख्य सरगना रहीम कबाड़ी और एक अन्य आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। सोहागपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि बेखौफ घूम रहे कबाड़ माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही फरार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

---

# रंगमंच पर उतरीं मध्यमवर्गीय परिवार की कुंठाएं, इंसानी मोह और सत्ता का अहंकार!

**11 दिवसीय नाट्य रंग महोत्सव की चौथी शाम दर्पण रंग समिति बरही के नाम**

**होटल शुभम पैलेस में सज रही है नाटकों की महफिल**

**18 जून तक रंगप्रेमियों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क**

शहडोल।

शहडोल की कलाप्रेमी जनता इन दिनों एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक क्रांति की गवाह बन रही है। सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल द्वारा आयोजित 11 दिवसीय नाट्य रंग महोत्सव की चौथी संध्या 11 जून 2026 को मंच पर भावनाओं और इंसानी फितरत का ऐसा सैलाब उमड़ा कि दर्शक दंग रह गए। दर्पण रंग समिति बरही द्वारा प्रस्तुत नाटक सल्तनत ने समाज के उस कड़वे सच को बेनकाब किया, जो हर मध्यमवर्गीय परिवार की चारदीवारी के भीतर घुट रहा है। लेखक संदीप पाण्डेय की इस धारदार कहानी को निर्देशक दुर्गेश सोनी ने मंच पर जीवंत कर दिया।





**क्या है सल्तनत की असली कहानी**

यह कहानी समाज के उस वृद्ध (रामाधीर) की है, जो जीवन के अंतिम पड़ाव पर पहुंचकर भी मोह-माया और सत्ता के विलास से मुक्त नहीं हो पाता। वह अपने 2000 स्क्वायर फीट के मकान को अपनी सल्तनत समझता है और चाहता है कि उसकी मौत के बाद भी उसका रूतबा कायम रहे। नाटक दिखाता है कि कैसे एक पिता अपने वंश (पुत्र) के सहारे साम्राज्य तो खड़ा करता है, लेकिन वक्त बदलने के साथ जब परिवार के भीतर सत्ता का समीकरण बदलता है, तो बूढ़े राजा को अपनी गद्दी खिसकती नजर आने लगती है। मौत को करीब देख, अपनी सल्तनत को दूसरों के द्वारा भोगे जाने की यही तड़प और कुंठा सल्तनत है।

**अभिनय और बैकस्टेज की जुगलबंदी ने बांधा समां**

मंच पर रामाधीर के रूप में खुद दुर्गेश सोनी, उनकी पत्नी के किरदार में रक्षा सोनी, बेटे के रूप में प्रदीप सिंह और किराएदार के रूप में राहुल बर्मन ने अपने सधे हुए अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। वहीं, मंच के पीछे प्यारेलाल कोल के संगीत संचालन और अयान व अमित गुप्ता की जादुई प्रकाश परिकल्पना (लाइट्स) ने नाटक के माहौल को बेहद गंभीर और प्रभावी बना दिया। पूरे कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन संयोजक रंगकर्मी लकी चतुर्वेदी ने किया।

**थिएटर पहुंचिए, प्रवेश बिल्कुल मुफ्त है**

शहडोल के इतिहास में पहली बार आयोजित हो रहे इस भव्य 11 दिवसीय नाट्य महोत्सव को लेकर आयोजकों ने शहडोल के समस्त रंगप्रेमियों और सुधि दर्शकों से पुरजोर अपील की है। आने वाले दिनों में देश और प्रदेश की बेहतरीन नाट्य मंडलियां अपनी कला का प्रदर्शन करने वाली हैं। रोजाना शाम 7 बजे से होटल शुभम पैलेस में नाटक शुरू होते हैं, जहां आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रखा गया है। कला और संस्कृति के इस महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए 18 जून तक शहडोलवासियों के पास एक सुनहरा मौका है।

---

# हितग्राहियों को लाभान्वित करने क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन



**शहडोल।** प्रदेश सरकार द्वारा जन समस्याओं के निराकरण तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति के मार्गदर्शन मे जिले की पांचों जनपद पंचायतों सोहागपुर, बुढ़ार, गोहपारू, जयसिंहनगर तथा ब्यौहारी में विभिन्न क्लस्टरों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन 12 जून से प्रारंभ हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा जन कल्याण शिविरों के मानीटरिंग हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही ग्राम पंचायतों में शिविरों के आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा हितग्राहियों से आवेदन लेने के साथ ही आवदेन लिखने की भी व्यवस्था की गई है। शिविरों की मानीटरिंग संबंधित एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनपद स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा की जा रही है। जनपद पंचायत जयसिंहनगर में ग्राम पंचायत दरेन में, बुढ़ार जनपद पंचायत के क्लस्टर बहगढ़, सकरा, खाम्हीडोल तथा बुढ़ार जनपद पंचायत के क्लस्टर सिंहपुर सहित अन्य क्लस्टरो में जन कल्याण शिविरों का आयोजन किया गया।

---

# प्रकृति की गोद भरने के लिए किया गया पौधारोपण

**शहडोल।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पोंगरी परियोजना सोहागपुर मे किया गया। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन में किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति में छायादार एवं फलदार वृक्षों का रोपण किया गया जिसमें उपस्थित सभी बेटियों द्वारा पौधे लगाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पौधों की सुरक्षा एवं पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।



जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा द्वारा किशोरावस्था में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर ध्यान रखने की समझाइए दी गई। परियोजना अधिकारी सोहागपुर आनंद अग्रवाल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक वंदना पनिका द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता के सम्बन्ध में विस्तृत समझाइश दी गई। कार्यक्रम में किशोरी बालिकायें, महिलायें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।

# शराब दुकान और बिजहरिया की सड़कों में लीपापोती

# ताला पंचायत में कागजी विकास का खुला खेल

**मानपुर। जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ताला इस समय विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का सबसे सुरक्षित गढ़ बन चुकी है। सरकारी पैसों को अपनी जागीर समझकर जनता की गाढ़ी कमाई पर किस कदर डाका डाला जाता है, इसका जीवंत उदाहरण पंचायत में हाल ही में बनी दो सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सडक़ों में साफ देखा जा सकता है। ठेकेदारी और चमचागिरी के इस कॉकटेल में सरपंच, सचिव और उपयंत्री ने मिलकर नियम-कायदों की ऐसी धज्जियां उड़ाई हैं कि अब मामला सीधे जिला प्रशासन की चौखट पर पहुंच गया है।**

## आखिर क्या छुपा रही है पंचायत

नियम कहता है कि कोई भी सरकारी निर्माण कार्य शुरू होने से पहले वहां एक सूचना बोर्ड (निर्माण एजेंसी का बोर्ड) लगाना अनिवार्य है, ताकि जनता को पता चल सके कि काम की लागत क्या है, मद कौन सा है और इसे कौन बनवा रहा है। लेकिन ताला पंचायत में पारदर्शिता शब्द को डस्टबिन में डाल दिया गया है। अजय साहू के घर से लेकर शराब दुकान तक ग्राम विकास निधि से 2.50 लाख की लागत वाली सीसी रोड। बिजहरिया में ग्रामकोष मद से करीब 15 लाख की लागत से बनी चमचमाती सीसी रोड। इन दोनों ही सडक़ों को बने 6 से 7 महीने का लंबा वक्त गुजर चुका है, लेकिन आज दिनांक तक मौके पर कोई बोर्ड नहीं लगाया गया। सूचना छुपाने का यह खेल साफ गवाही दे रहा है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

## बिना खुदाई हवा में तान दी सडक़

इंजीनियरिंग के स्थापित नियमों और सरकारी गाइडलाइन के मुताबिक, सीसी रोड बनाने से पहले जमीन की खुदाई कर प्रॉपर बेस (आधार) तैयार किया जाता है, पानी का भारी छिडक़ाव (क्यूरिंग) होता है और फिर कंक्रीटीकरण किया जाता है, लेकिन ताला पंचायत के स्वयंभू शिल्पकारों ने बिना खुदाई किए ही मिट्टी के ऊपर सीधे सीमेंट की चादर बिछा दी। हद तो तब हो गई जब सडक़ बनने के तुरंत बाद भरी जाने वाली साइड पटरी (रोड के अगल-बगल का भराव) को आज 7 महीने बाद भी अधूरा छोड़ दिया गया है। बिना पटरी के यह सडक़ें किनारों से टूटने लगी हैं। साफ है कि इस घटिया निर्माण का भविष्य चंद महीनों से ज्यादा का नहीं है।

## बिना देखे ही कर दिया मूल्यांकन!

इस पूरे खेल के सबसे बड़े सूत्रधार उपयंत्री हैं, जिन्होंने दफ्तर की बंद एसी केबिन में बैठकर या फिर विशेष सेवा से गदगद होकर इस घटिया निर्माण का न केवल मौका मुआयना किए बिना मूल्यांकन कर दिया, बल्कि भुगतान की हरी झंडी भी दे दी। सरकारी गाइडलाइन को पैरों तले रौंदते हुए साहब की कलम ने कागजी खानापूर्ति कर सरपंच-सचिव की जेबें भरने का रास्ता साफ कर दिया। जब धरातल पर काम का यह हाल है, तो इंजीनियर साहब ने किस आधार पर इस सडक़ को पास किया, क्या इसकी उच्च स्तरीय जांच नहीं होनी चाहिए?







## कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से न्याय की आस

ग्राम पंचायत ताला में हुए इस खुलेआम बंदरबांट से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अब जनता की उम्मीदें कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय और जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया पर टिकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल एक स्वतंत्र तकनीकी टीम भेजकर दोनों सडक़ों की मोटाई, बेस और मटेरियल की गुणवत्ता की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषी सरपंच, सचिव और भ्रष्ट इंजीनियर के खिलाफ दंडात्मक एवं वसूली की कार्रवाई की जाए।

# कोतमा नगर के पेट्रोल पंपों पर लगातार 15 दिनों से तेल की किल्लत हो रही उत्पन्न



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में ईंधन की आपूर्ति में अचानक आए व्यवधान के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। नगर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल ईंधन ड्राई हो जाने से केवल एक चालू पंप पर भारी भीड़ और वाहन चालकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। नगर के पेट्रोल पंपों पर लगातार 15 दिनों से तेल की किल्लत उत्पन्न हो रही है जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोगों के दो पहिया वाहन में पेट्रोल खत्म हो जाने के बाद 5 से 7 किलोमीटर तक चिलचिलाती गर्मी एवं धूप में पैदल वाहनों को धक्का देते सड़कों पर नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को नगर के ज्योति पेट्रोल पंप पर ही पेट्रोल दिया जा रहा था जिसके कारण सुबह से ही वाहन चालकों की लंबी कतार देर रात तक लगी रही पहले भरवाने के होड पर तू तू मैं मैं की स्थिति भी बन रही थी। बता दे की नगर मे सात पेट्रोल पंप है जिनमें से 6 पेट्रोल पंपों पर डीजल पूरी तरह से ड्राई रहा मात्र ज्योति पेट्रोल पंप पर ही पेट्रोल दिया जा रहा था जिसके कारण वाहन चालकों में अफरा अफरी भी देखी गई। वहीं कुछ पंप संचालकों ने बताया कि एचपी के डिपो में पेट्रोल ड्राई है जिसके कारण जो भी टैंकर जाता है उसमें मात्र डीजल ही दिया जा रहा है नगर के राजेंद्र फ्यूल, बघेल पेट्रोल पंप, अग्रवाल पेट्रोल पंप मे मात्र डीजल ही दिया जा रहा है। नगर में पेट्रोल की किल्लत की स्थिति मुख्य रूप से पैनिक बाइंग घबराहट में ज्यादा तेल भरवाना और अफवाहों के कारण पैदा हो रही है। तेल कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के अनुसार पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। आपूर्ति की यह किल्लत अस्थायी है और जल्द ही सुचारू हो जाएगी। जहां एक और सरकार कमर्शियल उपयोग के तेलों की कीमत बढ़ा दी है लेकिन नगर में यह देखने को मिल रहा है कि अधिकतर पेट्रोल पंपों पर कमर्शियल उपयोग के लिए टैंकरों में तेल भरकर दिया जा रहा है और जब जानकारी ली जाती है तो पेट्रोल पंप संचालकों के द्वारा यह कहा जाता है कि जिले के अधिकारियों के निर्देश हैं इसलिए उन्हें टैंकर के माध्यम से तेल दिया जाता है जबकि वहीं दो पहिया चार पहिया वाहन चालक कतार लगाकर पेट्रोल पंपों पर खड़े रहते हैं और नोजल मैन के द्वारा आराम से टैंकरों में तेल भरा जाता है जिसके कारण आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकताः कलेक्टर







## जन कल्याण शिविर के तहत करकेली में तीन दिवसीय शिविर का शुभारंभ

## एक छत के नीचे हितग्राहियों को मिलेगा विभिन्न योजनाओं का लाभः जिला पंचायत अध्यक्ष

**उमरिया।** शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत करकेली परिसर में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 14 जून तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि जन कल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि अब लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि एक छत के नीचे योजनाओं से संबंधित जानकारी, आवेदन एवं लाभ प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप विकासखंड एवं नगरीय निकाय स्तर पर जन कल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का प्रमुख उद्देश्य जन समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा। जिन प्रकरणों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित कर समाधान की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करें तथा अपनी आवश्यकतानुसार आवेदन प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने लोगों से अपने आसपास के नागरिकों को भी शिविर की जानकारी देने का आग्रह किया, ताकि अधिक से अधिक लोग शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत करकेली परिसर में आयोजित शिविर में 110 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली ऋषभ शुक्ला ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए आयोजन की जानकारी दी। शिविर में आयुष विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने इन स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष करकेली प्रियंका मून सिंह, जिला पंचायत सदस्य ओंकार सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रामनगर पुलिस की कार्यवाही, अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। 12 जुन को थाना रामनगर में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मरवाही क्षेत्र से बिना नंबर के नीले रंग के सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रेत लोड कर भलवाही की ओर परिवहन कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने स्वतंत्र साक्षियों के साथ बरतराई बस्ती के पीछे खाली मैदान में घेराबंदी की। कुछ समय पश्चात मुखबिर के बताए अनुसार एक नीले रंग का बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसे रोककर जांच की गई। जांच के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगभग 03 घन मीटर रेत लोड पाई गई। चालक ने अपना नाम लक्ष्मण यादव उर्फ रामा पिता फूलचंद यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी चनाडोंगरी, थाना मरवाही, जिला जीपीएम (छत्तीसगढ़) बताया। वाहन चालक के विरुद्ध प्रथम दृष्टया वाहन चालक का कृत्य धारा 303(2), 317(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 4/21 खनिज अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर मौके से बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर (कीमत लगभग 5,00,000) एवं 03 घन मीटर अवैध रेत (कीमत लगभग 3,000) कुल मशरूका 5,03,000 जप्त किया गया। थाना रामनगर में आरोपी चालक लक्ष्मण यादव उर्फ रामा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 160/26 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। अनूपपुर पुलिस द्वारा अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है।



# मेघों की मेहरबानी से सराबोर हुआ अमरकंटक, झमाझम बारिश ने बिखेरी शीतलता और सौंदर्य



**अमरकंटक।** विंध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रृंखलाओं के संगम स्थल तथा मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में शुक्रवार को हुई मूसलाधार वर्षा ने पूरे क्षेत्र को शीतलता और ताजगी से भर दिया। दोपहर लगभग 2:30 बजे से 3:00 बजे तक चली झमाझम बारिश ने न केवल मौसम का मिजाज बदल दिया, बल्कि भीषण गर्मी से राहत दिलाते हुए अमरकंटक की प्राकृतिक छटा को भी चार चांद लगा दिए। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और साफ आसमान पर घने काले बादलों ने अपना डेरा जमा लिया। देखते ही देखते सूर्यदेव बादलों की ओट में छिप गए और वातावरण में ठंडक घुलने लगी। पहले हल्की फुहारों ने दस्तक दी, जिसके बाद गर्जना और बिजली की चमक के साथ तेज वर्षा प्रारंभ हो गई। लगभग आधे घंटे तक लगातार बरसे मेघों ने पूरे अमरकंटक क्षेत्र को तरबतर कर दिया। वर्षा के दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने मौसम को अत्यंत सुहावना बना दिया। सड़कों, मंदिरों और पर्वतीय क्षेत्रों में वर्षा की बूंदों का मनोहारी दृश्य देखने को मिला। बारिश के बाद वातावरण पूरी तरह स्वच्छ और निर्मल हो गया तथा चारों ओर हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुपम नजारा दिखाई देने लगा। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अमरकंटक का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य दिनों की अपेक्षा तापमान सामान्य रहने से लोगों को गर्मी का अधिक एहसास नहीं हुआ। वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक 46 दर्ज किया गया, जो स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का संकेत माना जाता है। बारिश के बाद अमरकंटक की पर्वतीय वादियां, घने वन क्षेत्र और प्राकृतिक जलधाराएं और अधिक आकर्षक दिखाई देने लगीं। बादलों से आच्छादित पहाड़ियां तथा ठंडी हवाओं का स्पर्श पर्यटकों और श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता रहा। अनेक लोगों ने इस मनोहारी मौसम का आनंद लेने के लिए विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। पश्चिम बंगाल के कोलकाता से आए पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों ने अमरकंटक के मौसम की सराहना करते हुए कहा कि यहां की शीतल जलवायु और प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है। उनका कहना था कि वर्षा के बाद यहां का वातावरण किसी पर्वतीय पर्यटन स्थल जैसा मनोरम प्रतीत हो रहा है। वहीं राजस्थान के जयपुर और भीलवाड़ा से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि उनके क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप है, जबकि अमरकंटक में मौसम अत्यंत सुखद और राहत देने वाला है। उन्होंने कहा कि यहां की हरियाली, स्वच्छ वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य मन को अपार शांति प्रदान करता है तथा ऐसा लगता है मानो प्रकृति स्वयं अपने दिव्य रूप में दर्शन दे रही हो। अमरकंटक में हुई इस वर्षा ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि यह पवित्र नगरी केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य और मनोहारी जलवायु का भी अद्वितीय संगम है, जहां पहुंचकर प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति की गोद में सुकून और आनंद का अनुभव करता है।

## खबर संक्षेप

### जन कल्याण शिविर के तहत आज आयोजित होंगे शिविर

**उमरिया।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि जन कल्याण शिविर के तहत 13 जून को विकासखंड स्तर पर करकेली में, नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिका परिषद उमरिया के सामुदायिक भवन उमरिया में तथा नगर परिषद नौरोजाबाद के सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 7 नौरोजाबाद में शिविर आयोजित किया जाएगा । उन्होने आम जन मानस से अपेक्षा की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाए।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण



**उमरिया ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने राजनैतिक दलो के साथ ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बीयू कक्ष, सीयू कक्ष का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### योग के ऑनलाइन सत्र में नागरिकों से शामिल होने कि कलेक्टर ने की अपील

**उमरिया ।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में निर्धारित थीम स्वस्थ आयु के लिए योग के अंतर्गत 14 जून 2026 को प्रातः 6.15 बजे से 7.35 बजे तक सात दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम का ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम से जुडऩे के लिए टोल-फ्री नम्बर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन किया जा सकता है । कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने सभी नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठजनों, विद्यार्थियों, शासकीय सेवकों एवं सामाजिक संगठनों से आग्रह किया है कि वे इस ऑनलाइन योग सत्र में अधिकाधिक संख्या में सहभागी बनें और योग को अपनी दैनिक जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाएं।

### मेगा अपार दिवस आज, अपार आईडी से वंचित विद्यार्थियों के लिए विशेष शिविर आयोजित

**बदरा/जमुना।** अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 1 जून से 30 जून तक प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड अनूपपुर के अंतर्गत संचालित समस्त विद्यालयों में 13 जून को दूसरे शनिवार के अवसर पर मेगा अपार दिवस आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 6 जून को विकासखंड की विभिन्न शालाओं में मेगा अपार दिवस का सफल आयोजन किया जा चुका है। आगामी शिविर में उन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जिनकी अपार आईडी अभी तक नहीं बन पाई है अथवा आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में प्रक्रिया लंबित है। शिविर के दौरान विद्यार्थियों, पालकों एवं अभिभावकों को अपार आईडी के महत्व, पंजीयन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तार से दी जाएगी। साथ ही दस्तावेजों की कमियों को दूर करने एवं शीघ्र अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केंद्र अनूपपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी विद्यालय प्रभारियों को शिविर के सफल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता, पंजीयन संबंधी सहायता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था शामिल है।

## खबर संक्षेप

### पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी

**शहडोल।** पत्रकार सूर्यभान यादव को नीलेश सोनी द्वारा खुलेआम करने की धमकी और गाली गलौज जिसकी रिकॉर्डिंग साथ में है और थाना प्रभारी व्यवहारी को ज्ञापन सौंप कर उसके ऊपर कारवाई करने की मांग की गई है। सूर्यभान यादव 13ग्राम पंचायत सखी में रोड घटिया निर्माण पर उसने फोटो खींचकर लाया जिससे जानकारी लगते ही निलेश ने गाली गलौज और जाति सूचक शब्द बोलकर जान से मारने की धमकी दी। तुमको हम समय आते देख लेंगे। सूर्यभान यादव ने इस मामले में थाना प्रभारी जिया उल हक को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की है कि कभी भी मेरे साथ में अपनी घटना जान माल की घटना हो सकती है।

### बदमाशों ने कार एवं मोटर साइकिल किया पार

**कटनी।** सक्रिय चोर बदमाश कहीं न कहीं वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम खिरहनी में मकान के सामने खड़ी कार को देररात अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली के गजानन कॉम्पलेक्स में दुकान के बाहर खड़ी बाइक को लेकर बदमाश चंपत हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम खिरहनी में हिमांशु पटेल के मकान के बाहर खड़ी कार क्रमांक एम.पी.20 जेड एफ-2427 को अज्ञात बदमाशों ने देरररात पार कर दिया। इसी प्रकार कोतवाली के गजानन कॉम्पलेक्स में दुकान के बाहर खड़ी माधवनगर निवासी विजय कटारिया की मोटर सायकल क्रमांक एम.पी. 21 एमआर-1143 को अज्ञात बदमाश लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दोनों ही घटनाओं की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### मोटर साइकिल की टक्कर से युवक घायल

**कटनी।** माधवनगर थाना के झिंझरी क्षेत्र में एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ललित यादव 34 वर्ष निवासी करहिया कला, थाना कुठला झिंझरी क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी मोटरसाइकिल क्रमांक MP 20 MP 3525 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में ललित यादव को चोटें आई हैं।

### सीनियर कन्या छात्रावास का भवन कागजों तक सिमटा

**सिलौंडी।** सन 2022 में सीनियर कन्या छात्रावास का भवन 2 करोड़ 41 लाख की लागत से स्वीकृत हो चुका है परंतु अभी तक उसकी टेंडर प्रक्रिया नही हुई है जिसके कारण भवन निर्माण का कार्य भी शुर नही हो सका है। आदिवासी कन्याएं अच्छे प्रतिशत से पास होती है परन्तु आगे की पढ़ाई हेतु रहने की व्यवस्था ना होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर में बैठ जाती है।

## जयसिंह नगर शराब दुकान पर गंभीर आरोप

# गांव-गांव हो रही अवैध शराब पैकारी, नागरिकों ने की जांच की मांग




**जयसिंहनगर।** जयसिंहनगर क्षेत्र के ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने स्थानीय शराब दुकान के संचालन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। नागरिकों का कहना है कि शराब दुकान से गांव-गांव में अवैध रूप से शराब की पैकारी की जा रही है, जिससे क्षेत्र में अपराध एवं सामाजिक अव्यवस्था की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार शासन के नियमों के तहत शराब दुकान निर्धारित समय पर बंद हो जानी चाहिए, किंतु संबंधित दुकान देर रात तक संचालित की जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि दुकान रात्रि लगभग 11:30 बजे तक बंद हो जानी चाहिए, लेकिन कई बार रात 1 बजे तक खुली रहती है। आरोप यह भी है कि देर रात वाहनों में शराब भरकर विभिन्न गांवों में पहुंचाई जाती है, जिससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है तथा चोरी, मारपीट एवं अन्य आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि जयसिंहनगर बस स्टैंड पर संचालित अंग्रेजी शराब दुकान से लगभग 50 मीटर की दूरी पर शिव मंदिर तथा लगभग 100 मीटर की दूरी पर संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित है। बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित इस शराब दुकान के आसपास दिनभर एवं देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार बसों से आने-जाने वाली महिलाओं एवं छात्राओं को सुलभ शौचालय तक जाने में असुविधा एवं भय का सामना करना पड़ता है। नागरिकों का आरोप है कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन न तो दुकान को हटाया गया और न ही प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की गई।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रशासन की नाक के नीचे यह सब हो रहा है, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि मानो प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा हो। इस संबंध में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्रकार पंकज पांडेय द्वारा शिकायत क्रमांक 38573667 दिनांक 26 मई 2026 को तथा अधिवक्ता सुरेंद्र जायसवाल द्वारा शिकायत क्रमांक 38488143 दिनांक 22 मई 2026 को दर्ज कराई गई है।

ग्रामीणों एवं नगरवासियों ने जिला प्रशासन, आबकारी विभाग एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जयसिंहनगर शराब दुकान के संचालन की निष्पक्ष जांच कराई जाए, देर रात तक दुकान खुलने एवं गांवों में कथित अवैध शराब पैकारी की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक वातावरण सुरक्षित एवं स्वस्थ बना रहे।

## जल है तो कल है: जल संकट दूर करने के लिए नगर परिषद बुढार की पहल, 4 वार्डों में लगाए नए हैंडपंप



**बुढार। गर्मी के मौसम में आम जनता को पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद बुढार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। ₹जल है तो कल है₹ के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए नगर परिषद की टीम द्वारा क्षेत्र के 4 विभिन्न वार्डों में नए हैंडपंप लगवाए गए हैं। इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि क्षेत्र में लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े और हर नागरिक तक पीने का साफ पानी आसानी से पहुँच सके।**

### हर व्यक्ति तक पानी पहुँचाने का उद्देश्य

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने जल संकट को देखते हुए नगर परिषद की टीम पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। परिषद के अधिकारियों का कहना है कि पानी हर व्यक्ति की बुनियादी जरूरत है। इसी उद्देश्य को सार्थक करने के लिए वार्डों को चिह्नित कर त्वरित कार्रवाई की गई और हैंडपंप स्थापित किए गए, जिससे स्थानीय निवासियों को अब दूर-दराज से पानी लाने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

### जनता ने जताया आभार

नगर परिषद बुढार की इस त्वरित और जनहितैषी कार्रवाई से स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह और संतोष देखा जा रहा है। वार्ड वासियों ने पानी की समस्या का समय पर समाधान करने के लिए नगर परिषद की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है।नगर परिषद प्रशासन का संदेश:सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि₹हमारा लक्ष्य बुढार के हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। 'जल है तो कल है' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारा संकल्प है। पानी की बर्बादी रोकें और जल संरक्षण में सहयोग करें।₹इस दौरान इंजीनियर चंद्र प्रकाश पांडेय, सहित विभागीय जन उपस्थित रहे।

## वर्षों का सूखा समाप्त: शारदा OCM टीम के भगीरथ प्रयास से बकही गांव में पहुंची जलधारा



**बुढार/अनूपपुर। अनूपपुर जिले में शारदा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के समीप स्थित बकही (बखी) गांव के निवासियों का तीन दशक पुराना पेयजल संघर्ष आखिरकार समाप्त हो गया है । लगभग *० वर्षों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे इस गांव में पहली बार नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल है । यह ऐतिहासिक उपलब्धि कोल प्रबंधन और विशेषकर शारदा OCM टीम की तकनीकी दक्षता, समर्पण और उत्कृष्ट टीमवर्क का परिणाम है ।**

### एक सप्ताह में असंभव हुआ संभव

सोहागपुर क्षेत्र के एरिया जनरल मैनेजर बी.के. जेना के निर्देश और शारदा ओसीएम के सब-एरिया मैनेजर (SAM) पी. रमन्ना के कुशल नेतृत्व में शारदा OCM टीम ने इस चुनौती को स्वीकार किया । टीम ने मात्र एक सप्ताह के भीतर इस असंभव माने जाने वाले कार्य को पूरा कर दिखाया ।

तकनीकी रणनीति के तहतः T-2 एक्सटेंशन ट्रेंच से पाइपलाइन का विस्तार किया गया और ६ इंच की पाइपलाइन बिछाई गई । पंप को विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए धरती में २५ खंभे गाड़कर ओवरहेड (O/H) लाइन खींची गई और पुरानी व्यवस्था को पुनः व्यवस्थित किया गया । कठिन भू-भाग और सीमित संसाधनों के बावजूद टीम ने अपनी विशेषज्ञता से जल प्रवाह की सभी बाधाओं को दूर किया ।

**सोन नदी से पानी लाने की मजबूरी हुई खत्मः** बकही गांव के लिए पेयजल संकट एक विकराल रूप ले चुका था, विशेषकर गर्मियों में जब महिलाओं और बच्चों को निस्तार व पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर सोन नदी तक घंटों मशक्कत करनी पड़ती थी । कई बार ग्रामीणों को निजी संसाधनों पर भी निर्भर रहना पड़ता था । अब नियमित जलापूर्ति शुरू होने से महिलाओं के समय की बचत होगी, जिसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों की शिक्षा और परिवार के अन्य कार्यों पर पड़ेगा ।

**दिवाली सा जश्न और प्रबंधन का आभार**
११ जून को जैसे ही पंप चालू हुआ और गांव में पानी की रफ्तार पहुंची, ग्रामीणों ने पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर दिवाली की तरह खुशियां मनाईं । गांव की सरपंच पिंकी देवी सिंह ने प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शारदा OCM टीम और अधिकारियों ने भागीरथी को गांव में प्रवेश कराकर सपनो को साकार कर दिया है, जिसके लिए पूरा गांव जीवन भर उनका आभारी रहेगा ।

**नेतृत्व और टीमवर्क की मिसालः** इस परियोजना की सफलता का मुख्य श्रेय SAM सर (पी. रमन्ना) के दूरदर्शी नेतृत्व और शारदा OCM टीम के अथक परिश्रम को दिया जा रहा है । कार्य के अंतिम चरण तक उनका सक्रिय योगदान रहा । विशेषज्ञों का मानना है कि *० वर्षों के इंतजार के बाद बकही गांव में बहता यह पानी केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि प्रबंधन की सामाजिक जिम्मेदारी, सामूहिक प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति की जीत का प्रतीक बन गया है ।

## ब्योहारी रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट की हो रही कालाबाजारी, राजीव गुप्ता के ऊपर लग रहे आरोप



ब्योहारी से सिंगरौली रेल खंड के रेलवे स्टेशन ब्योहारी में राजीव गुप्ता के व्दारा आरक्षित टिकट पर भारी कालाबाजारी करने एवं यात्री से बदसलूकी करने का आरोप लगाया गया है शिकायत कर्ता ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार का इलाज कराने के लिए मुम्बई जाना था जिसकी आरक्षित टिकट के लिए टिकट काउंटर पर पहुंचा तो टिकट काउंटर पर नीरज मीणा बैठे थे जिनके व्दारा कहा गया कि चार टिकट बनवा रहे हैं तो चारों यात्रियों का आधार कार्ड दीजिए तब आरक्षित टिकट बन पाएगा जबकियात्री ने तीन आधार कार्ड संलग्न कर रखे थे पर आरक्षित टिकट नहीं बनाते हुए बुरा भला,दलाल कहकर मेरे आरक्षण फार्म को फ़ाड़ दिया और बोला कि आपकी टिकट नहीं बनेगी तब शिकायत कर्ता इजराइल खान व्दारा रेलवे के 139 में शिकायत दर्ज कराई गई और मीडिया कर्मियों को इसकी जानकारी दी जब इस संबंध में टिकट प्रभारी राजीव गुप्ता से टिकट कालाबाजारी करने संबंध में पक्ष जानने के लिए मुलाकात की कहा हम किसी तरह से मीडिया को कोई जबाब नहीं देंगे वरिष्ठ अधिकारियों के अनुमति के बाद ही जबाब देंगे इस तरह आरक्षित टिकटों की कालाबाजारी कर यात्रियों निर्धारित दर से अधिक पैसा मांगने का आरोप लगाया गया है शिकायत कर्ता रेल मंडल जबलपुर के डी आर एम से मांग की है कि ब्योहारी रेलवे स्टेशन पर आरक्षित टिकट पर चल रही कालाबाजारी पर रोक लगाते हुए टिकट प्रभारी के ऊपर वैधानिक कार्यवाही की मांग की गई अब समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद रेल प्रशासन क्या कार्रवाई करता है देखने वाली बात होगी।

## मंडल बकहो में सांसद हिमाद्री सिंह एवं विधायक जयसिंह मरावी का जनसंपर्क प्रवास, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



**अमलाई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह का मंडल बकहो में प्रवास कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।प्रवास के दौरान सांसद हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं आमजन से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।**

उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की आगामी गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया।कार्यक्रम के दौरान सांसद ने स्वर्गीय लल्ला केवट, वरिष्ठ भाजपा नेता, के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की और भावपूर्ण शोक संवेदना व्यक्त की। इसके अलावा उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र जैन एवं लक्ष्मण गौतम के निवास पर पहुंचकर सौजन्य भेंट की। भाजपा नेत्री सुनीता यादव से भी मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। सांसद ने मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे के निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विचार-विमर्श किया।इसी क्रम में विशेष जनसंपर्क अभियान पखवाड़े के तहत विगत दिवस जैतपुर विधानसभा के बकहो मंडल अंतर्गत ग्राम रामपुर, गिरवा, देवरी, खमरौध, चाका, अतरिया, बिछिया, बटुरा एवं बकहो नगर में विधायक जय सिंह मरावी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने संगठन की मजबूती, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की।

# लालपुर सामुदायिक भवन में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ



### विधायक बांधवगढ़ ने नागरिकों से योजनाओं का लाभ लेने की अपील

**उमरिया।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद उमरिया द्वारा वार्ड क्रमांक 3 स्थित लालपुर सामुदायिक भवन में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ने भी लोगों से बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचने तथा उपलब्ध सेवाओं और योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।शिविर के दौरान अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेनगुप्ता एवं डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जन कल्याण शिविर में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा 111 जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं। नागरिक अपनी पात्रता के अनुसार आवेदन प्रस्तुत कर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह शिविर 12 जून से 14 जून तक संचालित होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने शिविर के उद्देश्यों एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों को एक ही स्थान पर शासन की अनेक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उन्हें विभिन्न कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय की बचत होगी। इस अवसर पर नीतू सिंह, पार्षद सविता सोंधिया, सुशील रैदास, संजय पाण्डेय, राजेंद्र कोल, शंभूलाल खट्टर, ज्ञानेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, शैलेन्द्र सिंह चंदेल, राजा तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सीनियर कन्या छात्रावास का भवन कागजों तक सिमटा

**सिलौंडी।** सन 2022 में सीनियर कन्या छात्रावास का भवन 2 करोड़ 41 लाख की लागत से स्वीकृत हो चुका है परंतु अभी तक उसकी टेंडर प्रक्रिया नही हुई है जिसके कारण भवन निर्माण का कार्य भी शुर नही हो सका है। आदिवासी कन्याएं अच्छे प्रतिशत से पास होती है परन्तु आगे की पढ़ाई हेतु रहने की व्यवस्था ना होने के कारण पढ़ाई छोड़कर घर में बैठ जाती है।

## बकहो की विद्युत समस्या को लेकर अंत्योदय समिति एवं नागरिकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन



**अमलाई।** शहडोल लोकसभा सांसद हिमाद्री सिंह के बकहो प्रवास के दौरान नगर परिषद बकहो क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही विद्युत समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। अंत्योदय समिति, नगर परिषद बकहो के पदाधिकारियों, स्थानीय नागरिकों एवं नगर परिषद के सभी पार्षदों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर बिजली समस्या से अवगत कराया।ज्ञापन में बताया गया कि नगर परिषद बकहो की आबादी निरंतर बढ़ रही है, लेकिन वर्तमान में रामपुर फीडर से विद्युत आपूर्ति होने के कारण आए दिन बिजली बाधित होती रहती है। बार-बार बिजली गुल होने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने बकहो नगर के लिए पृथक विद्युत फीडर निर्माण की मांग भी रखी।अंत्योदय समिति ने ज्ञापन देते हुए बताया कि बकहो के लिए नए विद्युत फीडर निर्माण का तकनीकी प्राक्कलन (एस्टीमेट) तैयार किया जा चुका है, लेकिन परियोजना नगर परिषद की स्वीकृति एवं हरी झंडी मिलने की प्रतीक्षा में है। समिति एवं जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि जनहित को देखते हुए इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए।समस्या की गंभीरता को देखते हुए सांसद हिमाद्री सिंह ने मौके पर ही शहडोल कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर पूरे मामले की जानकारी दी तथा विद्युत व्यवस्था में सुधार और नए फीडर निर्माण की प्रक्रिया को शीघ्र गति देने के निर्देश दिए। सांसद ने आश्वस्त किया कि क्षेत्रवासियों की इस महत्वपूर्ण समस्या का जल्द समाधान कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर अंत्योदय समिति के पदाधिकारी, स्थानीय नागरिक, नगर परिषद के सभी पार्षद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने सांसद द्वारा समस्या के प्रति त्वरित संज्ञान लेने पर आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती राखी सहाय की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के संबंध में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने संशोधित मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रों पर प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा दावे एवं आपत्तियां 15 जून तक प्राप्त की जाएंगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 25 जून तक किया जाएगा, जबकि निराकृत दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 30 जून तक की जाएगी।उन्होंने बताया कि चेकलिस्ट तैयार करने की अवधि 3 जुलाई तक निर्धारित है। त्रुटि सुधार के उपरांत सूची को वेंडर को वापस करने की अवधि 6 जुलाई, फोटोयुक्त एवं फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची जनरेट करने की अवधि 9 जुलाई तथा फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करने की अवधि 10 जुलाई निर्धारित की गई है। इसी प्रकार फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची को मुद्रित कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराने की अवधि 16 जुलाई, नगर पालिका वार्डों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य विहित स्थानों पर अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन की अवधि 18 जुलाई तथा अंतिम फोटोयुक्त सूची की पीडीएफ, डीवीडी एवं सीडी की तीन प्रतियां ज्वेल केस में वेंडर से प्राप्त करने की अवधि 20 जुलाई तय की गई है।मास्टर ट्रेनर ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची की फोटोरहित डीवीडी एवं सीडी विक्रय हेतु उपलब्ध कराने की अवधि 21 जुलाई तथा फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची के सार्वजनिक प्रकाशन का प्रमाण-पत्र स्कैन करने, नगरीय निकायों में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध कराने एवं स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करने की अवधि 22 जुलाई निर्धारित की गई है। बैठक में मास्टर ट्रेनर द्वारा नगरीय निकायों में प्राप्त दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों की स्थिति, विधानसभा मतदाता सूची एवं स्थानीय निकाय मतदाता सूची के मतदाताओं की तुलनात्मक जानकारी तथा दोनों सूचियों से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारियां भी प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह सहित राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आरटीआई कानून की खुली अवहेलना, दो साल से मांगी जा रही जानकारी नहीं मिली

# सूचना आयोग ने सहायक आयुक्त पर जताई कड़ी नाराजगी, कार्यवाही की चेतावनी

## आयोग के आदेश भी हुए बेअसर, जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**अनूपपुर के जनजातीय कार्य विभाग में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता नौषाद खान द्वारा मांगी गई जानकारी निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध नहीं कराई गई, बल्कि प्रथम अपीलीय अधिकारी और राज्य सूचना आयोग के आदेशों की भी कथित रूप से अवहेलना की गई है। मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सूचना आयोग ने सहायक आयुक्त सरिता नायक पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्यक्तिगत उपस्थिति और स्पष्टीकरण तलब किया है।**

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

लोकतंत्र में सूचना का अधिकार कानून नागरिकों को शासन-प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का सबसे सशक्त माध्यम माना जाता है। लेकिन अनूपपुर जिले के जनजातीय कार्य विभाग में सामने आया मामला इस कानून की प्रभावशीलता पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता नौषाद खान ने अप्रैल 2024 में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में पदस्थ वरिष्ठ अध्यापिका प्रमिला पाण्डेय से संबंधित एक कारण बताओ नोटिस और उससे जुड़ी संपूर्ण नस्ती की प्रतिलिपि मांगी थी। कानून के अनुसार 30 दिनों के भीतर सूचना उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रथम अपील, द्वितीय अपील और आयोग के स्पष्ट आदेशों के बावजूद जानकारी नहीं मिलने पर राज्य सूचना आयोग ने इसे गंभीर माना है। आयोग ने न केवल विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है बल्कि सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 20(1) और 20(2) के तहत कार्यवाही की चेतावनी भी दी है।




### क्या है पूरा मामला?

सामाजिक कार्यकर्ता नौषाद खान ने 23 अप्रैल 2024 को दो अलग-अलग आरटीआई आवेदन प्रस्तुत कर प्रमिला पाण्डेय को जारी कारण बताओ नोटिस और उससे संबंधित संपूर्ण विभागीय कार्यवाही की जानकारी मांगी थी। यह सूचना जनहित से जुड़ी बताई गई है, कानून के तहत निर्धारित समयावधि में जवाब नहीं मिलने पर मामला प्रथम अपील और फिर राज्य सूचना आयोग तक पहुंचा। इसके बावजूद जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे विभाग की जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### आखिर क्यों नहीं दी गई सूचना?

मामले का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब सूचना आयोग और प्रथम अपीलीय अधिकारी दोनों ने जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश दिए, तो फिर उनका पालन क्यों नहीं हुआ। अपीलकर्ता का आरोप है कि मांगी गई जानकारी सामने आने से विभागीय भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही के तथ्य उजागर हो सकते हैं। हालांकि विभाग की ओर से अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट लिखित पक्ष सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है।



### कब और कहां हुई कानून की अनदेखी?

यह पूरा मामला जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर से जुड़ा है। अप्रैल 2024 में आरटीआई आवेदन दिए गए थे। इसके बाद प्रथम अपील, द्वितीय अपील और आयोग में कई सुनवाई की तारीखें निर्धारित हुईं। 29 जनवरी 2026 और 2 अप्रैल 2026 की सुनवाई में भी अपेक्षित जवाब नहीं मिला। आयोग के आदेशों के बावजूद 2 जून 2026 तक पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे मामला और गंभीर हो गया।

### आयोग ने किसे ठहराया जिम्मेदार?

राज्य सूचना आयोग ने अपने आदेश में सहायक आयुक्त एवं लोक सूचना अधिकारी सरिता नायक की भूमिका पर गंभीर टिप्पणी की है। आयोग ने कहा कि उन्होंने न तो समय पर सूचना उपलब्ध कराई और न ही आयोग के समक्ष संतोषजनक जवाब प्रस्तुत किया। सुनवाई में अनुपस्थित रहने और आदेशों की अवहेलना को आयोग ने गंभीर प्रशासनिक चूक माना है। आयोग ने व्यक्तिगत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए हैं।



### अब क्या होगा आगे?

राज्य सूचना आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि आगामी सुनवाई में भी सहायक आयुक्त उपस्थित नहीं होती हैं और संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करती हैं, तो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20(1) एवं 20(2) के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। आयोग ने कलेक्टर अनूपपुर को भी आदेश की तामील सुनिश्चित करने और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति कराने के निर्देश दिए हैं। अब यह मामला केवल सूचना उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता की बड़ी परीक्षा बन चुका है। जब सूचना का अधिकार कानून लागू कराने के लिए स्वयं सूचना आयोग को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़े, तब यह केवल एक विभाग की लापरवाही नहीं बल्कि पारदर्शी शासन व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। अनूपपुर का यह मामला बताता है कि सूचना छिपाने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों को किस तरह प्रभावित कर सकती है

---

**शिव-पूजन एवं दान-पुण्य से मिलेगी अक्षय फल की प्राप्ति**

# तीन वर्ष बाद बना दुर्लभ संयोग, अधिक मास में सोमवती अमावस्या का विशेष महत्व

### पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया व्रत, स्नान, दान और पूजा का धार्मिक महत्व

हरिभूमि नयूज अमरकंटक।

हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व माना गया है। जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो उसे सोमवती अमावस्या कहा जाता है, जो वर्ष की अत्यंत पुण्यदायी एवं शुभ तिथियों में से एक मानी जाती है। इस वर्ष 15 जून को पड़ने वाली सोमवती अमावस्या का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है क्योंकि यह अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान आ रही है। ऐसा विशेष संयोग लगभग तीन वर्ष बाद बन रहा है, जिसे ज्योतिष एवं धर्मशास्त्रों में अत्यंत फलदायी बताया गया है। प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित संदीप ज्योतिषी के अनुसार अधिक मास में आने वाली सोमवती अमावस्या पर भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से वैवाहिक जीवन में सुख, सौभाग्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दिन किए गए



धार्मिक कार्य, जप-तप, स्नान, दान और पुण्य कर्म अनेक गुना फल प्रदान करते हैं तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार करते हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की पूजा एवं परिक्रमा करना अत्यंत शुभ माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इससे व्यक्ति के संचित पापों का क्षय होता है तथा उसे शुभ फल प्राप्त होते हैं। विशेष रूप से विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखती हैं तथा भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा करती हैं। इससे परिवार में सुख, शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। पंडित संदीप ज्योतिषी के अनुसार अधिक मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 14 जून रविवार को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर 15 जून सोमवार को प्रातः 8 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के आधार पर 15 जून सोमवार को सोमवती अमावस्या का व्रत रखा जाएगा तथा स्नान-दान और धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। इस पावन अवसर पर प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। भगवान शिव एवं माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा करें तथा शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, दूर्वा, फल एवं पुष्प अर्पित करें। पितरों की शांति एवं मोक्ष की कामना से तर्पण, श्राद्ध एवं पिंडदान करना भी विशेष फलदायी माना गया है।

धर्मग्रंथों के अनुसार इस दिन अपनी सामर्थ्य के अनुसार गरीबों एवं जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र तथा धन का दान करना चाहिए। पीपल वृक्ष की पूजा कर उसकी परिक्रमा करने से सुख-समृद्धि और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। दिनभर "ओम नमः शिवाय" मंत्र का जप करने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। पंडित संदीप ज्योतिषी ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन लहसुन, प्याज एवं तामसिक भोजन का सेवन नहीं करना चाहिए। किसी का अपमान, कटु वचन, क्रोध, विवाद एवं नकारात्मक व्यवहार से बचना चाहिए तथा धार्मिक एवं सत्कर्मों में समय व्यतीत करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन बाल कटवाने, नाखून काटने एवं बाल धोने से भी परहेज करना चाहिए। साथ ही पीपल एवं तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए तथा घर या बाहर किसी प्रकार के विवाद से दूर रहना चाहिए। बड़ों का सम्मान और सदाचार का पालन इस दिन विशेष पुण्य प्रदान करता है। सोमवती अमावस्या पर दीपदान का भी अत्यंत महत्व बताया गया है। मंदिरों, पवित्र नदियों के तटों अथवा पीपल वृक्ष के नीचे दीप प्रज्वलित करने से जीवन के अंधकार का नाश होकर प्रकाश, सकारात्मक ऊर्जा एवं शुभता का संचार होता है। साथ ही यह पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने का श्रेष्ठ माध्यम माना गया है। धर्माचार्यों का मानना है कि अधिक मास में पड़ने वाली यह दुर्लभ सोमवती अमावस्या श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक साधना, पुण्य अर्जन और आत्मिक उन्नति का सुनहरा अवसर है, जिसका लाभ सभी को श्रद्धा और आस्था के साथ उठाना चाहिए।

---

# निर्वाचित पंच पर अतिक्रमण के आरोप, पुराना पोस्ट ऑफिस मार्ग पर बढ़ी परेशानी

### नागरिकों ने उठाए नैतिकता और जवाबदेही के सवाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** ग्राम सोन मौहरी के पुराना पोस्ट ऑफिस के समीप स्थित सार्वजनिक मार्ग पर मिट्टी डालकर कथित अतिक्रमण किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि यह कार्य अशोक यादव द्वारा किया गया है, जो स्वयं गांव के निर्वाचित पंच भी हैं। लोगों का कहना है कि सड़क पर मिट्टी डाले जाने से मार्ग सकरा हो गया है और आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बरसात के मौसम में मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे राहगीरों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, स्कूली बच्चों तथा दोपहिया वाहन चालकों को इस मार्ग से गुजरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सड़क के दोनों ओर पालतू पशुओं को बांध दिए जाने से मार्ग और अधिक बाधित हो जाता है। इससे न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी होती है, बल्कि वाहनों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति की जांच कराने तथा आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि से अपेक्षा की जाती है कि वह सार्वजनिक हित, सुगम यातायात और जनसुविधाओं को प्राथमिकता दे। यदि किसी जनप्रतिनिधि पर ही सार्वजनिक मार्ग को प्रभावित करने वाले कार्यों के आरोप लगते हैं, तो इससे लोगों के बीच गलत संदेश जाता है और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तथा



नैतिक दायित्वों पर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि जनप्रतिनिधि समाज के लिए उदाहरण होते हैं। ऐसे में उनसे नियमों के पालन और सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण की अपेक्षा सामान्य नागरिकों से भी अधिक होती है। लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सत्यता सामने लाने तथा आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। जिसमे जनहित में सार्वजनिक मार्ग पर किए गए कथित अतिक्रमण की जांच कराई जाए। सड़क पर डाली गई मिट्टी एवं अन्य अवरोधों को हटाया जाए। सार्वजनिक सड़क पर पशु बांधने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। बरसात के मौसम को देखते हुए मार्ग को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक हित से जुड़े मामलों में आदर्श आचरण सुनिश्चित किया जाए।

---

# अवध सिंह धुर्वे बने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने अनूपपुर जिले में संगठनात्मक मजबूती के लिए बड़ा फैसला लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम ने प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी अनूपपुर राजाबली मरावी की अनुशंसा पर वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ अवध सिंह धुर्वे को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अनूपपुर का जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय, पारदर्शी तथा मजबूत बनाने के उद्देश्य से की है। माना जा रहा है कि पंचायत चुनावों से पहले यह निर्णय पार्टी की चुनावी रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अवध सिंह धुर्वे लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। गौरतलब है कि धुर्वे इससे पूर्व ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं के समन्वय और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने में उनकी सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।नियुक्ति की घोषणा के बाद अनूपपुर जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह का माहौल है। जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अवध सिंह धुर्वे को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त जिला कार्यवाहक अध्यक्ष अवध सिंह धुर्वे ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने तथा आगामी पंचायत चुनावों में पार्टी को बेहतर प्रदर्शन दिलाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।पार्टी के इस निर्णय को अनूपपुर जिले में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संगठनात्मक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

# रेलवे स्टेशन अनूपपुर में संदिग्ध युवक गिरफ्तार, 1.01 लाख रुपये के पांच मोबाइल जब्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे स्टेशन अनूपपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जब्त मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 1 हजार रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते हुए मोबाइल बेचने की फिराक में पाया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मोहम्मद आजाद उर्फ सोनू पिता गौस मोहम्मद (उम्र 33 वर्ष), निवासी बड़ा मदार छल्ला बाबा टोला, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 ओप्पो, 2 रियलमी, 1 रेडमी एवं 1 वीवो कंपनी के कुल 5 मोबाइल फोन बरामद हुए, जिनकी कुल कीमत लगभग 1,01,000 रुपये आंकी गई। मोबाइलों के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने धारा 317 (2) बीएनएस के तहत मशरूका जब्त कर अपराध पंजीबद्ध किया। जांच के दौरान आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी एएसआई प्रीतम सिंह, प्रधान



आरक्षक विनोद गौतम, प्रधान आरक्षक अमोल सिंह, आरक्षक मनोज यादव, आरक्षक संजीत शर्मा तथा साइबर सेल के पिंटू पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# अनूपपुर जिले के स्कूलों के समय में हुआ परिवर्तन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर के अनुमोदन के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी नवीनतम आदेश के अनुसार, जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालन समय में आंशिक संशोधन किया गया है। यह आदेश 11 जून से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। नए दिशा-निर्देशों के तहत जिले के जो विद्यालय दो पालियों में संचालित हो रहे हैं, उनकी प्रथम पाली का समय अब प्रातः 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, शेष सभी एकल पाली वाले सामान्य विद्यालय शासन के नियमानुसार अपने पूर्व निर्धारित समय यानी सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक ही संचालित किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि स्कूल समय में इस परिवर्तन से शासन द्वारा पूर्व से घोषित परीक्षाओं और अन्य आवश्यक कार्यक्रमों की समय-सारणी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वे यथावत जारी रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अप्रैल माह में अत्यधिक गर्मी और लू के प्रकोप के कारण प्रशासन ने कक्षा 5वीं तक के छात्रों के लिए पूर्ण अवकाश तथा उच्च कक्षाओं के लिए सुबह की पाली का विशेष आदेश जारी किया था। अब नए शैक्षणिक सत्र, छात्रों के नामांकन और अध्यापन की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों (कोतमा, अनूपपुर, जैतहरी, पुष्पराजगढ़) और प्राचार्यों को इस नए आदेश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों का उचित समन्वय बना रहे।

---

**कलेक्टर ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा**

# महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए मैदानी अमला करें बेहतर कार्य-कलेक्टर

### लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी सुनिश्चित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को अपने दायित्वों का बेहतर एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए शासन द्वारा निर्धारित सभी गतिविधियों का प्रभावी ढंग से संचालन सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मैदानी स्तर पर बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करें और लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर हर्षल पंचोली गुरुवार को आयोजित महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर श्री पंचोली ने जिला परियोजना समन्वयक महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह सेक्टर स्तरीय बैठक आयोजित की जाए। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और उन्हें मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं से संबंधित



गतिविधियों का मासिक कैलेंडर तैयार कर जारी किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कलेंडर में विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों का स्पष्ट विवरण शामिल हो तथा उनका क्रियान्वयन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और मैदानी स्तर पर उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने पोषण ट्रैकर पोर्टल पर महिलाओं एवं बच्चों के फेस कैप्चर, ई-केवाईसी तथा समग्र सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर लंबित ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों में 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोषण आहार वितरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की तथा इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी निर्माण की प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 27,307 बच्चों के लिए अपार आईडी बनाए जाने का लक्ष्य है, जिनमें से अब तक 19,927 बच्चों की अपार आईडी तैयार की जा चुकी है। इस पर कलेक्टर ने शेष बच्चों की अपार आईडी बनाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर कार्य को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आभा आईडी निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए तथा इनका बेहतर प्रचार प्रसार करना भी सुनिश्चित किया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। जिले में परियोजनावार कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की स्थिति की समीक्षा करते हुए सुपरवाइजरों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के उपचार एवं पोषण सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें जिले के सभी पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कराया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की धात्री एवं गर्भवती माताओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पात्र महिलाओं को समय पर पोषण आहार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में एलईडी टीवी एवं जल शुद्धिकरण प्रणाली की स्थापना की प्रगति की भी समीक्षा की तथा कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक महिला एवं बाल विकास विभाग विनोद परस्ते सहायक संचालक श्रीमती मंजूषा शर्मा सहित महिला बाल विकास विभाग के सभी ब्लॉक परियोजना समन्वयक एवं सुपरवाइजर उपस्थित थे।